कार्यालय प्रथम अपील अधिकारी, जिला कलक्टर,दौसा

श्री अंकित कुमार शर्मा पुत्र श्री सत्यनारायण, निवासी ग्राम रामगढ पचवारा तहसील रामगढ पचवारा, जिला दौसा 303510

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर, दौसा।

अपील संख्याः 65/2023

निर्णय दिनांक :11.10.2023

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर, दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील प्रस्तुत की है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर, दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर, दौसा से सम्बन्धित है। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर, दौसा को पत्र क्रमांकः डी0एम0/कोर्ट/2023/1887 दिनांक 11.09.2023 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर, दौसा द्वारा पत्र क्रमांकः आरटीआई/2023/617 दिनांक 11.09.2023 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका रामगढ पचवारा से संबंधित है। सूचना का अधिकारी अधिनियम 2005 के तहत नगर पालिका की अपील की सुनवाई का क्षेत्राधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को नही है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official